7 राज्य
19 संस्करण

अमर उजाला

हरियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर

हिमाचल ✱✱✱ वर्ष 17 अंक 122 पृष्ठ : 16+16 मूल्य : चार रुपये

आज देखें
रूपायन

बुनाई स्पेशल
मन को भाई सलाई की बुनाई

साथ ही देखें :
जीवनशैली, फैशन कहानी, टाइमपास स्वाद जिंदाबाद

केंद्रीय कर्मचारियों का वेतन 24% बढ़ेगा सबको वन रैंक वन पेंशन की सिफारिश

जस्टिस माथुर ने सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट सौंपी, ग्रेड पे और पे बैंड खत्म करने की अनुशंसा

नई दिल्ली (ब्यूरो)। केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के अच्छे दिन अब बस कुछ महीने दूर हैं। न्यायमूर्ति अशोक कुमार माथुर की अध्यक्षता वाले सातवें वेतन आयोग ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। आयोग ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्ते और पेंशन में 23.55 फीसदी की बढ़ोतरी की सिफारिश की है। इसमें कर्मचारियों के वेतन में जहां 16 फीसदी की बढ़ोतरी की सिफारिश की गई है वहीं उनके भत्तों में 63 फीसदी की। सबसे ज्यादा फायदे की बात पेंशनभोगियों के लिए है। आयोग ने सभी पेंशनभोगियों, चाहे वे रक्षा क्षेत्र के हों या अद्र्घसैनिक बल हो या फिर सिविलियन, सभी के लिए वन रैंक वन पेंशन की सिफारिश की गई है। आयोग ने सुझाव दिया है कि ड्यूटी पर रहने के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की मृत्यु होने पर उन्हें रक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों की तर्ज पर शहीद का दर्जा दिया जाए।



नई दिल्ली। वित्त मंत्री अरुण जेटली को सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट सौंपते न्यायमूर्ति अशोक कुमार माथुर। फोटो : कुमार संजय

केंद्रीय कर्मचारियों के अच्छे दिन आएंगे

₹18000 होगा कर्मियों का न्यूनतम मूल वेतन

₹2.25 लाख होगा अधिकतम वेतन

ग्रेच्युटी सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की

23.55% की बढ़ोतरी होगी वेतन और भत्ते मिलाकर

16% मूल वेतन में बढ़ोतरी होगी

1 जनवरी 2016 से होगा लागू

किसको कितना फायदा

46 लाख केंद्रीय कर्मचारी

52 लाख पेंशनभोगी

1.02 लाख करोड़ रुपये का प्रभाव पड़ेगा सरकारी खजाने पर

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की ड्यूटी के दौरान मौत पर शहीद का दर्जा मिले

03% सालाना वेतन वृद्धि का सुझाव

63% होगी भत्तों में बढ़ोत्तरी

24% बढ़ोतरी पेंशन में

अगर सरकार इन सिफारिशों को अक्षरशः लागू करती है तो सरकारी खजाने पर 1.02 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2016 से लागू होंगी।बृहस्पतिवार शाम को अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्री अरुण जेटली को सौंपने के बाद माथुर ने बताया कि उन्होंने अपनी रिपोर्ट में पुराने ग्रेड पे और पे बैंड को खत्म करने की सिफारिश करते हुए न्यूनतम वेतन 18,000 रुपये मासिक करने का सुझाव दिया है।

शेष पेज 13 पर ➲

एचआरए का फॉमूला बदलने का सुझाव

आयोग ने आवास भत्ता (एचआरए) का फार्मूला बदलने का सुझाव भी दिया है। अब एक्स, वाई और जेड श्रेणी के शहरों में क्रमश: मूल वेतन का 24, 16 एवं 8% भत्ता मिलेगा। जब महंगाई भत्ता (डीए) 50% से ऊपर हो जाएगा, तब एचआरए 27, 18 और 9% हो जाएगा। महंगाई भत्ता 100% से ऊपर होने पर एचआरए की दर 30, 20 और 10% हो जाएगी।

ट्रायल में पावर प्रोजेक्ट का पाइप फटा, तीन लोग बहे

किन्नौर के शोरंग प्रोजेक्ट में हादसा पानी ने डेढ़ किमी तक मचाई तबाही

6 लोग हुए घायल चार उपचाराधीन

मोहन मेहता

बुरंग (किन्नौर)। करीब 800 करोड़ की लागत से बने 100 मेगावाट के शोरंग पावर प्रोजेक्ट के ट्रायल के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बुधवार रात को पेन स्टॉक पाइप छोड़े गए पानी का दबाव नहीं झेल पाया और दो जगह से फट गया। लिहाजा, पहाड़ी से तेज बहाव में पानी आया और डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र तक भारी तबाही मचा गया। इस दर्दनाक हादसे में प्रोजेक्ट में कार्यरत सुरक्षा कर्मी ग्रुप फोर के सब इंस्पेक्टर पन्ना लाल (45) करसोग, हेड गार्ड प्रदीप कुमार (32) ठियोग और रोहड़ू का एक निवासी राजेंद्र (31) बह गए हैं।

पुलिस के 25 जवान और स्थानीय लोग सतलुज तक इनकी तलाश कर रहे हैं लेकिन 24 घंटे बाद भी इनका सुराग नहीं लगा है। हालांकि पुलिस को तलाश के दौरान एक कटी टांग मिली है।

शेष पेज 13 पर ➲
संबंधित पेज 2 पर ➲

किन्नौर में प्रोजेक्ट का पाइप फटने के बाद यूं दिखा तबाही का मंजर।

- लापता दो सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय बाशिंदे की दिनभर जारी रही तलाश
- आधा दर्जन घरों, खेतों सहित सहित डेढ़ सौ भेड़ बकरियां और घोड़े भी बहे
- जीप मलबे में दबी, आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त

सीएम ने दिए जांच के आदेश

शिमला (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को हरसंभव मदद, मुआवजा देने और जांच के आदेश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री सुजान सिंह पठानिया ने कहा कि यह प्रोजेक्ट किसी और ही कंपनी को दिया गया था जबकि इसे बनाने वाली कोई और ही कंपनी थी। यह प्रोजेक्ट आगे से आगे चला हुआ है। उन्होंने कहा कि हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद दो टीमें मौके पर भेजी गई हैं। इसमें ऊर्जा निदेशालय और पावर कॉरपोरेशन के एमडी स्वयं मौके पर भेजे गए हैं।

लालू के 26 साल के बेटे तेजस्वी नीतीश के डिप्टी हो सकते हैं

अमर उजाला ब्यूरो

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार शुक्रवार को पांचवीं बार शपथ लेंगे। खबर है कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 26 वर्षीय बेटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है। लालू के पुराने वफादार अब्दुल बारी सिद्दिकी वित्त मंत्री हो सकते हैं।

नीतीश के शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान दुल्हन की तरह सजकर तैयार है। दोपहर दो बजे बिहार के राज्यपाल रामनाथ कोविंद राज्य के 16वें मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव भी उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

शेष पेज 13 पर ➲

नीतीश का शपथग्रहण आज

- समारोह के लिए गांधी मैदान तैयार, मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू

शपथ समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे बिहारी बाबू

पटना (ब्यूरो)। नीतीश के शपथ समारोह में नामी-गिरामी नेता पहुंच रहे हैं। भाजपा सांसद शत्रुघ्न सिन्हा को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया गया है, लेकिन वे इसमें अपने निजी काम की वजह से शामिल नहीं हो पाएंगे। सिन्हा ने खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्हें नीतीश का निमंत्रण मिला था, लेकिन अपने निजी काम की वजह से वह शामिल नहीं हो पाएंगे।

एसपी मंडी होंगे बशेर सिंह, तीन अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

शिमला (ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने बशेर सिंह चौहान को एसपी मंडी की नियुक्ति दी है। आईजी लॉ एंड ऑर्डर एसपी सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं। एसपी बद्दी जी. शिवा कुमार और कमांडेंट वनगढ़ आईआरबी वीना भारती भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए हैं।

इनके अलावा डीएसपी रमेश कुमार शर्मा को यूएन मिशन पर भेजा गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने वंदना ठाकुर को अवर सचिव विधि से पदोन्नत कर उप सचिव विधि नियुक्त किया है।

कुछ गलत किया है तो जेल में डाल दें पीएम

दोहरी नागरिकता के सवाल पर राहुल गांधी का पीएम के खिलाफ हमलावर रुख

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता के विवाद ने संसद के शीत सत्र से पहले ही सरकार और विपक्ष के बीच तल्ख राजनीतिक टकराव की बिसात बिछा दी है। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने साफ कहा कि उनके पास ब्रिटेन की नागरिकता होने का जो आरोप सुब्रमण्यम स्वामी लगा रहे हैं उसके पीछे पीएम मोदी का हाथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास सारी एजेंसियां हैं उनसे जांच करा लें और अगर छह महीने के भीतर कुछ भी मिल जाए तो उन्हें जेल में डाल दें। राहुल ने प्रधानमंत्री को ललकारते हुए कहा कि वह अपनी 56 इंच की छाती दिखाएं। मैं डरा नहीं हूं। मैं कमजोर लोगों के लिए लड़ता रहूंगा। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि वह चमचों से उन पर कचरा उछलवा रहे हैं। साथ ही राहुल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी हमला बोलते हुए उसकी तुलना प्रतिबंधित संगठन सिमी से भी कर डाली। उधर, भाजपा ने भी कांग्रेस पर जवाबी पलटवार किया है।

शेष पेज 13 पर ➲

इंदिरा गांधी की 98वीं जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में बोलते राहुल गांधी।

राहुल गांधी मामले की जांच सीबीआई या ईडी से कराई जाए : स्वामी

अहमदाबाद। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष राहुल गांधी को बतौर कंपनी सचिव और निदेशक बनाते हुए ब्रिटेन में एक छद्म कंपनी बनाये जाने की संभावना है। उन्होंने राहुल गांधी मामले की जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कराए जाने की मांग की है।



बगैर धर्म बदले अंतर-धर्म विवाह मान्य नहीं : कोर्ट

मदुरै। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि बगैर धर्म परिवर्तन के हिंदू महिला और ईसाई पुरुष के बीच शादी कानूनी रूप से मान्य नहीं हो सकती। ऐसी शादी की कानूनी मान्यता के लिए किसी एक को धर्म परिवर्तन करना होगा। मद्रास हाईकोर्ट की जस्टिस पी. आर. शिवकुमार और जस्टिस वीएस रवि ने एक युवती के माता-पिता की ओर से दायर याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर जोड़ा अपनी शादी हिंदू रीति-रिवाज से करना चाहता है तो ईसाई युवक को हिंदू बनना होगा। अगर ईसाई रीति-रिवाज से शादी करने का फैसला किया जाता है तो युवती को ईसाई बनना होगा। अगर युवक-युवती शादी के लिए धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहते तो वे स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 की मदद ले सकते हैं। याचिका दायर किए जाने के बाद अदालत में हाजिर हुई युवती ने कहा उसने पालानी के मंदिर में शादी की है।

चूंकि युवक ईसाई है इसलिए अदालत ने पूछा कि अगर उसने हिंदू धर्म नहीं अपनाया तो हिंदू कानून के तहत शादी वैध कैसे हो सकती है। बेंच ने कहा कि चूंकि लड़की बालिग है और अपनी मर्जी से कहीं भी जा सकती है। हालांकि युवती और युवक ने कानून के मुताबिक शादी नहीं की है। एजेंसी

शीना बोरा हत्याकांड

पीटर मुखर्जी गिरफ्तार इंद्राणी समेत तीन के खिलाफ चार्जशीट पेश

मुंबई (ब्यूरो)। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को बेहद सनसनीखेज शीना बोरा हत्याकांड में स्टार टीवी के पूर्व सीईओ और मीडिया मुगल पीटर मुखर्जी को गिरफ्तार कर लिया। पीटर मुखर्जी इस हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी के तीसरे पति हैं। सीबीआई ने पीटर को उनके वर्ली स्थित घर से देर शाम को गिरफ्तार किया। पीटर की गिरफ्तारी के पहले सीबीआई ने मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत में इंद्राणी मुखर्जी, उसके पूर्व पति संजीव खन्ना और ड्राइवर श्यामवर राय के खिलाफ आरोपपत्र भी दाखिल कर दिए। इंद्राणी मुखर्जी पर अपने पूर्व पति संजीव खन्ना के साथ मिल कर बेटी शीना बोरा की हत्या करने के आरोप हैं।

शेष पेज 13 पर ➲

- हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी के तीसरे पति हैं मीडिया मुगल मुखर्जी
- चार्जशीट में संजीव खन्ना और ड्राइवर श्यामवर राय के भी नाम शामिल